**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to give the arrears of sugar cane farmers by Riga Sugar Mill in Sitamarhi District, Bihar.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं कि किसानों की समस्या के बारे में बोलने के लिए आपने मुझे अनुमति प्रदान की है। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं सदन को सूचित करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अन्तर्गत सीतामढ़ी जिले में स्थित रीगा चीनी मिल पर किसानों द्वारा गन्ना आपूर्ति का 11,612 लाख रुपये का भुगतान अभी तक लम्बित है।… (व्यवधान) पिछले साल के दौरान इस मिल पर 592 लाख रुपये का भुगतान लम्बित है, जबकि 'गन्ना नीति' में गन्ने का भुगतान 14 दिनों के अन्दर न करने पर सूद देने का प्रावधान किया गया है। … (व्यवधान) इस लम्बित भुगतान के लिए अनुमन्य सूद का भुगतान नहीं हो रहा है। फरवरी, 2018 से जिला प्रशासन द्वारा अनेक प्रयास एवं समय-समय पर इसके शीघ्र भुगतान की अनुशंसा करने के बाद भी, अभी तक यह भुगतान लम्बित है। … (व्यवधान) सामान्यत: किसानों से गन्ना लेकर चीनी उत्पादन करके उसकी बिक्री से प्राप्त धनराशि किसानों को, उनके द्वारा आपूर्ति किए गए गन्ने के मूल्य का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर मिलों द्वारा बैंक से ली गई कैश क्रेडिट फेसिलिटी का उपयोग करके किया जाता है। … (व्यवधान) आवश्यकता है कि मिल द्वारा चीनी एवं अन्य उत्पादों को बेचकर प्राप्त होने वाली धनराशि में से प्राथमिकता के आधार पर किसानों को उनके गन्ने का मूल्य अदा किया जाए।… (व्यवधान) लम्बित भुगतान ब्याज सहित न होने से किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है एवं उनमें आक्रोश व्याप्त है। … (व्यवधान) समय पर गन्ने का भुगतान नहीं होने से किसानों की आर्थिक हालत दयनीय हो गई है, क्योंकि गन्ने की बुआई से लेकर उसे मिल तक ले जाने तक उन्हें काफी धनराशि खर्च करनी पड़ती है।… (व्यवधान) किसान बैंकों से पैसा उधार लेकर खर्च करता है।… **(व्यवधान)** अत: सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा मेसर्स रीगा चीनी मिल से किसानों की लम्बित धनराशि का भुगतान कराया जाए।… **(व्यवधान)**

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी बात हो गई है।

प्रो. रिचर्ड हे ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।